# समय-सीमा के लंबित प्रकरणों पर सख्त रुख

## सीएम हेल्पलाइन, राजस्व व विकास कार्यों की गहन समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 18 मई 2026 को कलेक्ट्रेट सभागृह में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए |बैठक में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की जनपद पंचायत एवं तहसीलदारवार समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में



राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री मित्तल द्वारा निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में नामांतरण के प्रकरण एक माह से अधिक लंबित न रहें तथा 03 से 06 माह से अधिक समय से लंबित बंटवारे के प्रकरणों का प्राथमिकता से शीघ्र निराकरण किया जाए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत समय-सीमा से बाहर हुए पंजीयन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों की जनपद पंचायतवार समीक्षा की गई। इसके साथ ही नवीन स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों एवं सुलभ शौचालयों के निर्माण कार्यों की परियोजनावार समीक्षा कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में जनगणना कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने पर सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनगणना में लगे अधिकारियों को कलेक्टर सुश्री मित्तल द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

### बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए गए

उर्वरकों का वितरण ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किया जाए तथा वनपट्टाधारी कृषकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।बैठक में गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान जिला खाद्य अधिकारी एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी को परिवहन की समुचित व्यवस्था करने तथा लंबित भुगतानों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान, फॉर्म पौंड, अमृत सरोवर, कूप रिचार्ज एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त शासकीय भूमि आवंटन से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्त्या सहित सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वही अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे।

## आबकारी विभाग खरगोन द्वारा अल्टो वाहन से परिवहन की जा रही देशी मदिरा प्लेन की 12 पेटी जब्त

**खरगोन, निप्र।** जिले में आबकारी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत्त बड़वाह में आबकारी विभाग की अवैध मदिरा परिवहन/विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी दिनांक 18.05.2026 एवं 19.05.2026 को खरगोन कलेक्टर श्री भव्या मित्तल के आदेशानुसार, सहायक आयुक्त आबकारी जिला खरगोन के निर्देश पर तथा प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा से भरे अल्टो वाहन को मुखबिर सूचना पर पकड़ा गया । गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इंदौर की ओर से मारुति अल्टो गाड़ी नंबर MP09CR8344 शराब भरकर काटकूट- बड़वाह की तरफ आ रही, तत्काल उक्त वाहन को घेराबंदी करके रोका गया जिसकी तलाशी लेने पर देशी मदिरा प्लेन की 12 पेटियां बरामद की गई।




### वाहन से कुल 108 बल्क लीटर शराब जप्त किया

मौके से फरार अज्ञात आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। उक्त कार्यवाही नवीन विधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो आदि बनाकर की गई। जप्त मदिरा एवं वाहन की कुल अनुमानित क़ीमत लगभग रुपये 4,50,000/- है । उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मनीष राठौर के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक शिवम चौरसिया व आरक्षक प्रजोत चौधरी की टीम द्वारा की गई।

## सिलसिलेवार हो रही चोरियों का खुलासा, 3 नाबालिग और एक युवक गिरफ्तार

**खरगोन, निप्र।** शहर में हो रही सिलसिलेवार चोरियों का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में तीन नाबालिगों के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी किया मश्रुका जब्त किया है। संभवत: पहली बार जिले में नाबालिग अपराध मामले में माता-पिता को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी रविंद्र वर्मा ने बताया कि मामले में शहर के राधा वल्लभ मार्केट, सीता वल्लभ मार्केट एवं बिस्टान रोड़ स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हुई चोरी का खुलासा हुआ है। प्रकरण में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 3 नाबालिग है। आरोपियों के कब्जे से लेपटाप, पुराने 38 मोबाईल व नगदी 13 हजार रुपये जब्त किए है। जब्तशुदा मश्रुका की कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। उल्लेखनीय है कि मार्च से लेकर मई



माह के दौरान लगभग हर वीकेंड पर चोरियां हो रही थी। ज्यादातर राधावल्लभ मार्केट को निशाना बनाया गया था। आरोपीयों के कब्जे से 1 लेपटॉप, पुराने इस्तेमाली 38 मोबाईल व नगदी 13 हजार रुपये नकदी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बिस्टान रोड़ स्थित नवनीत लाल भंडारी की किराणा दुकान से चोरी का अपराध भी स्वीकार किया है। गिरफ्तारशुदा 2 विधिविरुद्ध बालकों के पूर्व में भी थाना कोतवाली खरगोन में चोरी व लड़ाई-झगड़ा मारपीट के अपराध दर्ज है। पुलिस ने इन बालकों के माता-पिता को भी नवीन आपराधिक कानून के तहत धारा 95 बीएनएस के अंतर्गत आरोपी बनाया है।

## उन्नतशील कृषकों को मिलेगा प्रोत्साहन, 50 हजार रुपये तक का मिलेगा सम्मान

**खरगोन, निप्र।** जिले के उन्नतशील कृषकों के लिए प्रोत्साहन और सम्मान का सुनहरा अवसर है।वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर प्रदान किए जाएंगे। इस पुरस्कार योजना का उद्देश्य कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को पहचान और सम्मान देना है। परियोजना संचालक आत्मा श्री मदन सिंह कनाश ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में बेहतर और नवाचारी कार्य करने वाले उन्नतशील कृषक आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। पुरस्कार वितरण की व्यवस्था तीन स्तरों पर की गई है।विकासखंड स्तर पर प्रत्येक विकासखंड से 05 कृषकों का चयन किया जाएगा, इस प्रकार कुल 45 कृषकों को 10-10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तर पर 10 कृषकों को 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कृषक का नाम 50 हजार रुपये के राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए भेजा जाएगा। इच्छुक कृषक अपने आवेदन परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, विकासखंड स्तर पर ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के पास 28 मई 2026 तक जमा करा सकते हैं। चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। यह योजना जिले के किसानों को नवाचार और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

## तीन ग्रामीणों पर तेंदूए हमले के बाद हरकत में आया वन अमला

**खरगोन, निप्र ।** जिले के ग्राम दसनावल में खेत में सफाई करते समय ग्रामीणों पर शनिवार को तेदुंए ने हमला कर दिया था।इस घटना में गांव के तीन युवक घायल हुए थे। घटना के बाद से तेंदूए को पकड़ने की वन विभाग की टीम ने प्रक्रिया शुरु कर दी थी।रविवार को वन विभाग की टीम ने दसनावल में नाले किनारे खेतों में झाडियों के बीच दो पिंजरे लगाए। इसके साथ ही तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने के लिए दिन भर ड्रोन से सर्चिंग भी की। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रात में गश्त कर रहे है। रविवार को भी वन विभाग के अलमे के साथ ही ग्रामीणों ने भी तेंदुए की तलाश शुरु की।इस दौरान उन्हें तेंदुए के पगमार्क भी मिले। जिसकी उन्होंने वन विभाग की टीम को जानकारी दी। पगमार्ग के बाद वन विभाग के अमले ने भी क्षेत्र में तेंदुए के होने की पुष्टि की है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे में मुर्गी और बकरी को रखा गया है।इसके साथ ही ड्रोन से हुई सर्चिंग के दौरान कोई पता नहीं लग सका। अमले के साथ ही ग्रामीण भी तेंदुए को पकड़ने में जुटे है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सर्तक करने की हिदायत दी है। फिलहाल रात के समय कोई ग्रामीण खेतों में नहीं जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं को मिला कार्य अनुभव का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**खरगोन, निप्र ।** नवीन व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बिस्टान में सत्र 2025-26 के लिए 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के साथ कार्य अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से 02 मई से 25 मई तक 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कराई जा रही है। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत ब्यूटी एवं वैलनेस तथा आईटी विषय के विद्यार्थियों को स्थानीय प्रतिष्ठानों में व्यावहारिक अनुभव दिलाया जा रहा है।आईटी विषय के छात्र-छात्राओं की ऑन जॉब ट्रेनिंग न्यू विनायक कंप्यूटर सेंटर में आयोजित की जा रही है, जहाँ श्री नीरज गोले द्वारा कंप्यूटर से संबंधित कार्यों, ऑनलाइन सेवाओं एवं डिजिटल प्रक्रियाओं की जानकारी प्रतिदिन दी जा रही है। वहीं ब्यूटी एवं वैलनेस विषय की छात्राओं को श्रेया ब्यूटी पार्लर में पार्लर संचालन से जुड़े विभिन्न कौशल कार्य सिखाए जा रहे हैं।पार्लर संचालक श्रीमती पूजा तिरोले



द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से छात्राओं के कौशल, आत्मविश्वास एवं कार्य क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्था प्राचार्य श्री बलराम भंवर, प्रभारी प्राचार्य श्री ओमप्रकाश भालसे एवं श्री जितेन्द्र चौहान की सहमति से आयोजित किया जा रहा है। साथ ही ओरियन एजुटेक के राज्य समन्वयक श्री वित्तुम दुबे, लर्ननेट स्किल के राज्य समन्वयक श्री अर्पित शर्मा एवं जिला व्यावसायिक समन्वयक श्री भूतेष हिरवे के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षिका श्रीमती रजनी पाटिल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री अजय पाटीदार प्रतिदिन छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उपरोक्त ऑन जॉब ट्रेनिंग का निरीक्षण संबंधित कंपनी के राज्य समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला व्यावसायिक समन्वयक द्वारा समय-समय पर किया जा रहा है।

## बोरावां पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**खरगोन, निप्र ।**मध्यप्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव के चचेरे भाई, वरिष्ठ समाजसेवी एवं कृषक हितैषी कृष्णलाल पटेल के निधन पर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने उनके गृहग्राम बोरावां पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतृप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव, कसरावद विधायक एवं पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव सहित श्री पटेल के सुपुत्र जितेन्द्र पटेल, विजय पटेल, हेमेन्द्र पटेल, शिव पटेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिवंगत स्व. कृष्णलाल पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि



स्व. पटेल का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, किसानों के कल्याण एवं जनहित के कार्यों के लिए समर्पित रहा। वे अत्यंत सरल, सौम्य एवं जनप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे।

### एक नजर में

## कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई, अधिकारियों ने सुनी 89 आवेदकों की समस्याएं



**खरगोन, निप्र।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 19 मई को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 89 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## भैंस के बिजली तार तोडऩे की बात पर तोड़े हाथ-पैर, एसपी से की कार्रवाई की मांग



**खरगोन, निप्र।** जिले के बड़वाह थानाक्षेत्र में तालाब पर पानी पीने गई भैंसों की चहल-कदमी से टूटे विद्युत पंप तारों से उपजा विवाद अब गहराता जा रहा है। तार टूटने की बात पर युवक से की गई मारपीट के दौरान हाथ-पैर में फ्रेक्चर आया है। इस मामले में बड़वाह थाने पर की गई शिकायत के बाद भी ठोस कार्रवाई नही होने से नाराज पीड़ित मंगलवार को कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय पहुंचा। यहां शिकायती आवेदन सौंपकर कलेक्टर के साथ ही एसपी से मामले में हस्तक्षेप कर जांच के बाद उचित कार्रवाई की मांग की है। एसपी को सौंपे शिकायती आवेदन में मनोज बलीराम यादव निवासी सेल्दा ने बताया कि 1 अप्रैल को विरानगांव चंदनपुरा तालाब पर भैंसों को पानी पिलाने ले गया था। इसी दौरान सिंचाई के लिए लगे विद्युत पंप का तार भैंस ने तोड़ दिया। इस बात से नाराज होकर लोकेश, सुगन ने मुझसे झगड़ा किया, अश्लील गालियां दी। रास्ते में रोककर लोकेश, राधेश्याम, विवेक, मानसिंह, विष्णु, लीलाधर, घीसू आदि ने संगतमय होकर फिर विवाद किया और राधेश्याम ने लोहे की रॉड, विवेक ने प्लॉस्टिक पाईप, लोकेश ने लट्ठ और विष्णु ने लोहे के पावड़े से पिटाई की। घीसू व लीलाधर ने पत्थर मारा। इस हाथापाई में मेरे पैर, हाथ में फ्रेक्चर आया है। मुझे बेहोशी की हालत में छोड़कर यह भाग गए। इसके बाद मुझे गांव के लोग मुझे अस्पताल लाए। यहां उपचार के दौरान गंभीर चोंट के घाव होने से इंदौर रेफर कर दिया गया। मनोज ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसके कहे अनुसार रिपोर्ट नही लिखी, जिसके चलते वह एसपी कार्यालय पहुंचा है।

## केन बेतवा लिंक परियोजना सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर आदिवासी कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माननीय रामू टेकाम जी के निर्देश पर खरगोन जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश मुकाती के नेतृत्व में केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलवाले हेतु माननीय जीतू पटवारी एवं सोशल एक्टिविस्ट अमित भटनागर पर दर्ज एफ आई आर तत्काल प्रभाव से निरस्त करने एवं ओंकारेश्वर में पीढ़ियों से रह रहे गरीब आदिवासियों के झोपड़ों पर बुलडोजर कार्रवाई कर हो रहे अत्याचार के विरोध में महामहीम राज्यपाल के नाम श्रीमान कलेक्टर महोदय खरगोन को ज्ञापन सौंप कर पीड़ितों और प्रभावितों को उचित न्याय प्रदान करते हुए पूर्ण पुनर्वास एवं ओंकारेश्वर में पीड़ितों पर हो रहे अत्याचार को विधि सम्मत लेते हुए उनकी स्थिति को देखते हुए कार्यवाही की जावे साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी एवं सोशल एक्टिविस्ट अमित भटनागर के खिलाफ दर्ज एफ आई आर तत्काल प्रभाव से वापस लेवे। इस अवसर पर विधानसभा युवक कांग्रेस भगवानपुरा अध्यक्ष रवि वास्कले जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष कपिल पवार वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह पवार गुलाब सिंह चौहान आईआईटी सेल के सुमित वर्मा बाबू बरडे बी एस सोलंकी पवन सोलंकी राहुल डावर महेश चौहान संतोष वानखेडे रूप सिंह वास्के अनिल कैलाश केवड़े राकेश चौहान पांडू डाबर अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई द्वारा दी गई।

## समाजसेवी उज्जवल अत्रे दोबारा बने लायन्स क्लब अध्यक्ष

**खरगोन, निप्र।** शहर के शिक्षाविद एवं सक्रिय समाजसेवी उज्ज्वल अत्रे दूसरी बार लायन्स क्लब अध्यक्ष चुने गए। यह निर्णय लायंस क्लब खरगोन सिटी की मासिक बैठक में लिया गया। बैठक में बसंत सोनी को मानव अधिकार आयोग मित्र बनने पर बधाई दी गई। इसके पश्चात सर्व सहमति से सत्र 2026द्व 27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए लायन उज्जवल अत्रे को अध्यक्ष चुना गया। नवीन कार्यकारिणी में क्षमा मिश्रा को सचिव एवं लोकेंद्र रावत को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया। इनके अलावा लायन मुकेश राठौर, प्रदीप पोरवाल को उपाध्यक्ष चुना गया। बोर्ड डायरेक्टर सुरेश प्रधान, राजेश मिश्रा, क्लब प्रशासक मनोज महाजन , पास्ट प्रेसिडेंट डॉक्टर बसंत सोनी , प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर भावना सोनी, अभिलाषा मिश्रा, भारती राठौर, अर्चना पोरवाल,मार्केटिंग पब्लिक रिलेशन चेयरपर्सन काजल यादव, रजनी पाटिल,सलाहकार बोर्ड सदस्य उमेश मिश्रा, , चंद्रेश मंडलोई, मेंबरशिप चेयरपर्सन दुर्गेश चौधरी, आर एस खांडे,टेमर संजय जोशी, कपूर चंद निगवाल को बनाया गया। क्लब अध्यक्ष चुने जाने पर अत्रे ने पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के अध्यक्ष के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है, जिसे मैं विनम्रता और प्रतिबद्धता के साथ स्वीकार करता हूं, ।पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम मिलकर मोहल्लों का उत्थान करना जारी रखेंगे, लायंस की नई पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे । ज्ञात हो कि लायन उज्जवल अत्रे सन 2025 मैं भी अध्यक्ष रह चुके हैं उनके कार्य से प्रभावित होकर ही उन्हें पुन : अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप गई।

### एक नजर में — कलेक्टर से की मैन्यूअल ई-टोकन की मांग

## वन अधिकार पट्टाधारियों को नही मिल रहा ई-टोकन, खाद के लिए हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** शासन ने खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाने के लिए ई-टोकन व्यवस्था शुरु की है।इसके लिए किसानों का ऑनलाईन पंजीयन किया गया है। इस प्रक्रिया के चलते ऐसे किसान परेशान और चिंतित नजर आ रहे है, जिनके पास फार्मर आईडी नही है। वन पट्टे के आधार पर मैन्यूअल ई-टोकन व्यवस्था की मांग को लेकर मंगलवार को भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र के किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां विधायक झूमा सोलंकी के नेतृत्व में कलेक्टर भव्या मित्तल से मुलाकात कर वन पट्टाधारियों को भी ई-टोकन व्यवस्था से जोड़कर खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। विधायक श्रीमती सोलंकी ने बताया कि क्षेत्र के हजारों आदिवासी किसानों को मिले वन अधिकार पट्टे है। इन पट्टाधारी किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनने से सब्सीडी युक्त रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों में चिंता और नाराजगी देखी जा रही है।शासन की यह व्यवस्था इनके लिए परेशानी और चिंता का सबब बन गई है। नए शासकीय नियमों के अनुसार जिनके पास कृषि भूमि की पावती या बी.1 खसरा उपलब्ध है, उन्हें रासायनिक खाद के लिए ई.टोकन उपलब्ध कराए जा रहे है।ऐसे में वन अधिकार पट्टा प्राप्त किसानों को खाद नहीं मिलने से उनकी फसलों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।विधायक श्रीमती सोलंकी ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से पट्टाधारी किसानों को मैन्युअल रूप से ई-टोकन जारी कराए जाने की मांग की। कलेक्टर ने किसानों की समस्या का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक सोलंकी ने बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना एवं झिरन्या उद्वहन परियोजना से जल्द पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर भी एक आवेदन सौंपा। इस दौरान अशोक सिसोदिया, मोहन वास्कले, शिवराम पटेल, जाल सिंह, सरपंच भग्गू, हरेसिंह, चंद्रसिंह, सरपंच अनिल वास्कले, मंगल सिंह सहित आदि पट्टाधारी किसान उपस्थित थे।

